मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-06/सी0एम0-42/84-डे0ई0-13-सीएम-42/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 सितम्बर,2013

विषय:- श्री सत्यवीर निलम्बित सहायक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम पी0ए0सी0, डिपो, फतेहपुर को सवेतन बहाल किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित श्री सत्यवीर पुत्र श्री अतर सिंह निवासी ग्राम-सुतयानी, पोस्ट- ताखा, इटावा के पत्र दिनांक 04-9-2013 की छाया प्रति संलग्न कर भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशों से संबंधित है तथा मुख्यमंत्री जी के आदेशों से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण एक माह में किए जाने के निर्देश हैं । अत: कृपया प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करने तथा की गयी कार्यवाही से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि प्रश्नगत प्रकरण को मा0 मुख्यमंत्री जी के लम्बित सन्दर्भो की कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा सके ।

संलग्नक :: यथोक्त ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।